# डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (म.प्र.)

DR. HARISINGH GOUR VISHWAVIDYALAYA, SAGAR

(केन्द्रीय विश्वविद्यालय / A Central University)

क्रमांक / परीक्षा गोपनीय / 2020–21 / 238/17,

28 अक्टूबर 2021

**संबद्ध महाविद्यालयों हेतु**

## अधिसूचना

विश्वविद्यालय के आदेश क्रमांकः No/DOAA/2021/316 दिनांक 25 अक्टूबर 2021 के परिपालन में अकादमिक सत्र 2020–21 की स्नातक एवं स्नातकोत्तर द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षाएँ Blended (Online + Offline) Mode में आयोजित की जाना हैं। उक्त परीक्षा के संबंध में विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों की परीक्षाओं के संचालन हेतु परीक्षा केन्द्र एवं विद्यार्थियों के लिए निम्न दिशा निर्देशों का पालन अनिवार्य रूप से करना होगा।

### प्रश्न पत्र डाउनलोड करने संबंधी निर्देश

1. परिक्षार्थियों को प्रश्न–पत्र समय सारणी में दिये गये दिनांक एवं समय पर MP Online (dhsgu.mponline.gov.in) द्वारा परीक्षार्थी के SIS लॉगिन पर भेजा जावेगा।

2. प्रश्न–पत्र को परीक्षार्थियों द्वारा निर्धारित दिनांक एवं समय पर SIS (Student Information System) लॉगिन से स्वयं डाउन लोड करना होगा।

### उत्तर पुस्तिका सम्बन्धी निर्देश

1. उत्तर पुस्तिका हेतु कागज की व्यवस्था परिक्षार्थियों को स्वयं करनी होगी तथा मात्र A4 Size के सादे कागज का प्रयोग उत्तर पुस्तिका हेतु किया जावेगा, उत्तर पुस्तिका में दोनों तरफ हाशिया छोड़ना जरूरी है।

2. विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध करायी गई उत्तरपुस्तिका का मुख्य पृष्ठ डाउन लोड कर उसमें प्रविष्टियाँ (Entries) प्रत्येक छात्र को अनिवार्य रूप से करनी होगी। उत्तरपुस्तिका के प्रत्येक पेज पर अनुक्रमांक (Roll Number) एवं पेज क्रमांक डालना अनिवार्य है। उक्त के अभाव में उत्तरपुस्तिका का मूल्यांकन नहीं किया जावेगा और इस कारण होने वाली असुविधा के लिये छात्र स्वयं जबाबदेय होंगे। साथ ही परीक्षार्थियों को प्रत्येक उत्तर पुस्तिका के साथ मुख पृष्ठ के ऊपर अपने प्रवेश पत्र की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।

3. परीक्षार्थी द्वारा उत्तरपुस्तिका के प्रथम पृष्ठ के प्रारूप में दिये गये प्रत्येक खाने में चाही गई जानकारी अनिवार्य रूप से अंकित करनी होगी तथा अपने हस्ताक्षर भी करने होंगे।

4. परीक्षार्थी प्रश्न–पत्र को हल करने के लिये नीली या काली स्याही के बाल पेन का ही उपयोग करेंगे। केवल स्वयं की हस्तलिखित उत्तरपुस्तिका ही मान्य की जावेगी मुद्रित (Typed) नहीं।

5. परीक्षार्थी परीक्षा से संबंधित जानकारी हेतु विश्वविद्यालय की वेबसाइट (*www.dhsgsu.ac.in*) का नियमित रूप से अवलोकन करते रहें।

परीक्षार्थियों को उत्तर पुस्तिका जमा करने सम्बन्धी निर्देशः–

1. परीक्षार्थी अपनी हस्तलिखित उत्तरपुस्तिका परीक्षा समाप्ति के दो घंटे के अंदर प्रवेशपत्र पर अंकित परीक्षा केन्द्र पर अनिवार्य रूप से जमा करेगें और यदि परीक्षा केन्द्र की दूरी अधिक है तो प्रवेश पत्र पर अंकित परीक्षा केन्द्र के प्राचार्य / केन्द्राध्यक्ष को उसी दिन Speed Post/Registered Post से भेजेंगे।

2. डाक द्वारा प्रेषित लिफाफे पर अंकित तिथि का मिलान जारी समय सारिणी से न होने पर उत्तरपुस्तिका का मूल्यांकन नहीं किया जावेगा।

3. परीक्षार्थी द्वारा अपने परीक्षा केन्द्र पर हस्त लिखित उत्तरपुस्तिका जमा करने पर महाविद्यालय से रबर मुहर सहित हस्ताक्षरित पावती रसीद अवश्य प्राप्त कर लें।

4. यूजीसी के पत्र क्रमांक 6–2/2013 (SCT) दिनांक 14 जनवरी 2019 के अनुसार नेत्रहीन परीक्षार्थियों को प्रश्न–पत्र हल करने के लिए निर्धारित समय से प्रत्येक घंटे के लिए कम से कम 20 मिनिट का अतिरिक्त समय दिया जावेगा।

नोटः– 1. परीक्षा एवं प्रश्नपत्र से संबंधित किसी भी परेशानी के लिये सहायक कुलसचिव (परीक्षा) श्रीमति ए लक्ष्मी के चलित दूरभाष क्रमांक 9926739090 एवं प्रभारी सहायक कुलसचिव परीक्षा डॉ प्रदीप तिवारी के चलित दूरभाष क्रमांक 9406519065 पर संपर्क कर सकते है।

2. प्रश्नपत्र डाउनलोडिंग या अन्य किसी समस्या के लिये एमपी ऑनलाइन के अधिकृत सीनीयर बिजनिस एनालिस्ट श्री प्रशांत ठाकुर के चलित दूरभाष क्रमांक 7049923900 पर संपर्क कर सकते है।

आदेशानुसार

28/10/2021

(डॉ. सुरेन्द्र पी गादेवार)
प्रभारी परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः–

1. प्राचार्य समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय, डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (म.प्र.) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

2. कुलपति के सचिव माननीया कुलपति जी
3. सहा0कुलसचिव कुलसचिव कार्यालय, कुलसचिव
4. अधिष्ठाता, महाविद्यालयीन विकास परिषद
5. अनुभाग अधिकारी परीक्षा (गोपनीय/सामान्य)
6. समस्त कक्षा सहायक
7. मीडिया ऑफीसर

(2 से 7 तक) को सूचनार्थ।

8. COO एमपी ऑनलाइन को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
9. प्रभारी वेबसेल–विश्वविद्यालय की वेबसाइट में प्रदर्शन हेतु।
10. नस्ति।

28/10/21

(डॉ. प्रदीप तिवारी)
प्रभारी सहायक कुलसचिव (परीक्षा)

# डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (म.प्र.)

## DR. HARI SINGH GOUR VISHWAVIDYALAYA, SAGAR

(केन्द्रीय विश्वविद्यालय / A Central University)

### Blended (Online + Offline) Mode के अन्तर्गत (2020–21)
### उत्तरपुस्तिका के प्रथम पृष्ठ का प्रारूप

| केवल परीक्षक के उपयोग के लिये<br>For the use of Examiners only | | | समस्त कॉलम परीक्षार्थी द्वारा भरा जावे<br>To be filled by the Candidate |
|---|---|---|---|
| प्र.क्र.<br>Question Number | प्रदत्त अंक<br>Marks Awarded | | परीक्षा का नाम<br>Name of Examination |
| | अंकों में<br>In Figures | शब्दों में<br>In Words | परीक्षार्थी का अनुक्रमांक (रोल नं.) / Examinee's Roll No. |
| 1 | | | परीक्षार्थी का नामांकन (पंजीयन क्रमांक) / Examinee's Enrollment No. |
| 2 | | | |
| 3 | | | विषय<br>Subject |
| 4 | | | प्रश्न–पत्र क्रमांक एवं नाम<br>Paper No. & Name |
| 5 | | | परीक्षा का माध्यम<br>Medium of Examination |
| 6 | | | परीक्षा का दिन एवं दिनांक<br>Day & Date of Examination |
| 7 | | | उत्तरपुस्तिका के कुल पृष्ठों की संख्या<br>Total Number of pages in the Answer book |
| 8 | | | |
| 9 | | | |
| 10 | | | परीक्षार्थी की घोषणा उत्तरपुस्तिका के सभी उत्तर मेरी स्वयं की हस्तलिपि में हैं।<br>All the Answers in the Answer book are written by me. |
| 11 | | | |
| 12 | | | |
| 13 | | | परीक्षार्थी के हस्ताक्षर<br>Signature of the Candidate |
| 14 | | | |
| 15 | | | |
| योग<br>Total | अंकों में (In Figure)<br>शब्दों में (In Words) | | |
| परीक्षक के हस्ताक्षर<br>Signature of Examiner | | | परीक्षा केन्द्र की सील<br>Seal of the Examination centre |